पंजाब केसरी 24/01/2025

संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता जैसे मौलिक अधिकार प्रदान करता है : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 27 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ कॉलेज परिसर में किया गया। इस समारोह की शुरुआत प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा ध्वजारोहण करने के साथ हुई। ध्वजारोहण के उपरांत एन.सी.सी. कैडेट्स ने एक अनुशासित और प्रभावशाली एन.सी.सी. परेड का प्रदर्शन किया, जिसने सभी उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विश्व का सबसे बड़ा एवं विस्तृत संविधान बताते हुए इसके मूल्यों और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को संविधान में निहित मौलिक कर्त्तव्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हमें अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों को भी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों का पालन करें और अपने जीवन में ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा को आत्मसात् करें।

इसके पश्चात कॉलेज में 'देशभक्ति की खुशबू' नामक एक सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो आनंद संगीत माला मंच के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कपिल विज मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए तो वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर आनंद संगीत माला मंच के संस्थापक चेयरमैन शिव आनंद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. अमित और डा. मंजीत ने किया।

जी.एम.एन. कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)